**Regarding Need to undertake repair of stretch of NH 64 and NH 56(B) alongwith bridges constructed on the national highways in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat- Laid**

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा **(**भरूच**) :** गुजरात में इसी महीने 9 जुलाई 2025 को महिसागर नदी पर बने पुल के ढह जाने से 20 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई है । आणंद और वडोदरा जिले को जोड़ने वाले गंभीर गांव के पास गुजरात सरकार के अंतर्गत आने वाले मार्ग पर 40 साल पुराने और जर्जर पुल के ढह जाने से कई वाहनों के महीसागर नदी में गिर जाने से यह घटना हुई । मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत अंकलेश्वर से सागबारा महाराष्ट्र बॉर्डर तक के राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेतरंग और डेडियापड़ा के मध्य में स्थित वेडा कंपनी के पास कर्जण नदी पर बना हुआ 60 साल से भी ज्यादा पुराना पुल तथा डेडियापाड़ा के प्रवेश द्वार पर ही स्थित एक छोटी नदी का पुल भी जर्जर हालत में है । इसके साथ ही भरूच और जंबुसर के बीच नेशनल हाइवे 64 पर आमोद के नजदीक दादर नदी पर बना हुआ पुराना ब्रिज भी जर्जर हालत में है । मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहाँ भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है । राष्ट्रीय राजमार्ग 64 भरूच-जंबूसर पर भारी वाहनों के आवागमन से आर्मोद क्षेत्र में 300 - 400 मीटर एरिया/रोड़ को भारी क्षति हुई है तथा इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 56 (बी) पर नेतरंग से मोवी तक करीब 15 किलोमीटर रोड़ की क्षति हुई है । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि उपरोक्त घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उक्त दोनों राजमार्गों के मरम्मतीकरण तथा साथ ही इन राजमार्गों पर बने हुए जर्जर पुलों को तत्काल नए सिरे से बनाने हेतु समुचित कार्रवाई की जाए ।